बिहार सरकार

# बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.( बी.सी.ई.सी.ई. )-2016/26 दिनांक- 05.09.2016

## बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा ( बी.सी.ई.सी.ई. )-2016 के आधार पर PCM ग्रुप के मेधासूची के अभ्यर्थियों का बिहार राज्य के अभियंत्रण / डेयरी टेक./ कृषि अभियंत्रण के विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में नामांकन हेतु द्वितीय कॉउन्सेलिंग एवं सीट आवंटन हेतु सूचना

---------

**1.** बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2016 की पूर्व प्रकाशित विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.( बी.सी.ई.सी.ई. )- 2016/21 दिनांक-20.08.2016 के क्रम में अभियंत्रण धारा ( Engg. Stream) एवं कृषि धारा के अन्तर्गत Engg. पाठ्यक्रम यथा, Dairy Technology and Agricultural Engg. के विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में उपलब्ध रिक्तियों के लिये पुनर्आवंटन/ आवंटन हेतु बी.सी.ई.सी.ई-2016 के द्वितीय चरण के PCM ग्रुप में सम्मिलित जो अभ्यर्थी अपने Option Online दिनांक 31.08.2016 ( अपराह्न 5.30 बजे ) तक Submit कर दिये हैं, उनके लिये उपरोक्त रिक्तियों पर पाठ्यक्रम / संस्थान आवंटन हेतु साक्षात्कार / कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम नीचे दिया जा रहा है ।

### साक्षात्कार / कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम

| क्र.सं. | दिनांक / समय | कोटि | मेधाक्रमांक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| (1). | 10.09.2016 (10.00 a.m.) | DQ | 1 से 135 तक | केवल Online option दिनांक 31.08.2016 (अपराह्न 5.30 बजे) तक जमा करने वाले अभ्यर्थी । |
| (2). | 10.09.2016 (10.00 a.m.) | SMQ | 1 से 263 तक | - तथैव - |
| (3). | 10.09.2016 (10.00 a.m.) | General | 1 से 991 तक | - तथैव - |
| (4). | 11.09.2016 (10.00 a.m.) | General | 992 से 2038 तक | - तथैव - |
| (5). | 12.09.2016 (10.00 a.m.) | General | 2039 से 3467 तक | - तथैव - |
| (6). | 14.09.2016 (10.00 a.m.) | General | 3468 से 4997 तक | - तथैव - |
| (7). | 15.09.2016 (10.00 a.m.) | General | 4998 से 6423 तक | - तथैव - |
| (8). | 16.09.2016 (10.00 a.m.) | General | 6424 से 7935 तक | - तथैव - |
| (9). | 18.09.2016 (10.00 a.m.) | General | 7936 से 9879 तक | - तथैव - |
| (10). | 19.09.2016 (10.00 a.m.) | General | 9880 से 11851 तक | - तथैव - |
| (11). | 19.09.2016 (10.00 a.m.) | ST | 1 से 201 तक | - तथैव - |

2. उपरोक्त साक्षात्कार / कॉउन्सेलिंग के लिये विधिवत Online Option submit किए गए सामान्य एवं आरक्षण कोटियों के सभी उम्मीदवार को उनके General मेधाक्रम के अनुसार साक्षात्कार / कॉउन्सेलिंग हेतु बुलाया गया है । इसमें आरक्षण कोटि के जो उम्मीदवार सम्मिलित हैं उनको नियमानुसार यह सुविधा रहेगी कि वे संस्थान/ पाठ्यक्रम के चुनाव में सामान्य कोटि के मेधा क्रमांक पर कॉउन्सेलिंग / साक्षात्कार में अपनी आरक्षित कोटि का लाभ स्वेच्छानुसार ले सकते हैं । अत: आरक्षण कोटियों के वैसे अभ्यर्थी जो सामान्य कोटि की मेधासूची में सम्मिलित है उनको अपने सामान्य मेधाक्रम के अनुसार निर्धारित तिथि को कॉउन्सेलिंग हेतु आना अनिवार्य है। अन्यथा उनके मेधाक्रम के नीचे के मेधाक्रम वाले अभ्यर्थियों को आरक्षित कोटि की सीटें आवंटित हो जायेंगी जिसके लिये वे स्वयं जिम्मेवार होंगे ।

**3.** (क) विभिन्न संस्थानों में उपलब्ध रिक्तियों की ब्राँचवार, आरक्षण कोटिवार संख्या साक्षात्कार के समय देखी जा सकती है।

(ख) साक्षात्कार / कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम तथा मेधा-सह-विकल्प के आधार पर सीट आवंटन हेतु सभी नियम वही रहेंगे जिनका उल्लेख पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन सं- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (बी.सी.ई.सी.ई.)-2016/15 दिनांक 17.06.2016 में है ।

**4.** साक्षात्कार / कॉउन्सेलिंग एवं सीट आवंटन का कार्य बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद कार्यालय, आई०ए०एस० संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14 में सम्पन्न होगा।

**5.** **इस विज्ञापन की कंडिका-1 के अनुसार पात्रता-प्राप्त सभी उम्मीदवारों को विवरण पुस्तिका के पृष्ठ-1 एवं 2 में उल्लिखित सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत सभी निम्नांकित मूल प्रमाण पत्र/ दस्तावेज दो स्वसत्यापित छाया प्रतियों के साथ साक्षात्कार / कॉउन्सेलिंग के लिये साथ लाना अनिवार्य है :**

**(i)** इंटरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा का (क) मूल प्रवेश-पत्र, (ख) मूल अंक-पत्र तथा (ग) मूल/ औपबंधिक उत्तीर्णता प्रमाण-पत्र।

**(ii)** मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा का (क) मूल प्रवेश-पत्र, (ख) मूल अंक-पत्र तथा (ग) मूल/ औपबंधिक प्रमाण-पत्र (जन्म तिथि प्रमाण हेतु)।

**(iii)** बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2016 (प्रथम एवं द्वितीय चरण)के मूल प्रवेश-पत्र तथा उसमें लगाए गए फोटोग्राफ की छ: अतिरिक्त प्रतियाँ। **(iv)** मूल जाति प्रमाण-पत्र, **(v)** मूल आवासीय प्रमाण-पत्र, **(vi)** चरित्र प्रमाण-पत्र, **(vii)** विवरण पुस्तिका के पृष्ठ 1 एवं 2 में वर्णित अन्य प्रमाण-पत्र, जहाँ लागू हों, यथा-भूतपूर्व सैनिक (SMQ) हेतु भूतपूर्व सैनिक का प्रमाण-पत्र तथा विकलांगता कोटा (DQ) हेतु विकलांगता प्रमाण पत्र आदि।

नामांकित छात्र को पूर्व प्रकाशित विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (बी.सी.ई.सी.ई.)-2016/21 दिनांक 20.08.2016 की कंडिका 7(iv) एवं 7(v) के अनुसार विहित प्रपत्र में Bonafide Certificate लाना अनिवार्य है ।

**6.** जो उम्मीदवार इस विज्ञापन की कंडिका-1 के साक्षात्कार / कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिये पात्रता प्राप्त (eligible) हैं उनको इस

साक्षात्कार / कॉउन्सेलिंग हेतु अलग से साक्षात्कार पत्र नहीं भेजा जा रहा है । **ऐसे उम्मीदवारों ने यदि उपरोक्त कंडिका 1 के अनुसार निर्धारित तिथि तक साक्षात्कार / कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम में भाग लेने हेतु अपनी इच्छा व्यक्त करते हुए Option Online Submit किया है तो वे इस विज्ञापन के आधार पर निर्धारित तिथि एवं समय पर साक्षात्कार / कॉउन्सेलिंग में निश्चित् रूप से उपस्थित हो अन्यथा उनको अनुपस्थित मान लिया जायेगा जिसके लिये पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा ।**

**7.** रिक्त सीटों की संख्या के आधार पर साक्षात्कार / कॉउन्सेलिंग हेतु सीटों की संख्या से अधिक अभ्यर्थियों को कॉउन्सेलिंग हेतु बुलाया गया है, अत: बुलाये गये सभी अभ्यर्थी का नामांकन की गारंटी नहीं है।

8. (क) यदि निर्धारित कॉउन्सेलिंग के आधार पर सीट आवंटन प्रक्रिया पूरा नहीं हो सकेगी तो उसे अगले दिन पूरा करने के लिये सम्बन्धित अभ्यर्थियों को रूकना होगा ।

(ख) यदि निर्धारित तिथि / तिथियों से पहले ही उपलब्ध सीटें भर जाती है तो सीटों के भर जाने के बाद की निर्धारित कॉउन्सेलिंग स्थगित कर दी जायेगी।

**9.** रिक्त सीटों की विवरणी दिनांक 06.09.2016 को (5.00 बजे अपराह्न) पर्षद के वेबसाईट **www.bceceboard.com** पर भी उपलब्ध करा दिया जायेगा ।

**10.** उपर्युक्त विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)- 2016/15 दिनांक-17.06.2016 तथा 2016/21 दिनांक-20.08.2016 एवं यह सूचना पर्षद के वेबसाईट : www.bceceboard.com पर भी उपलब्ध है ।

**11.** प्रेस में मुद्रण अथवा टाइपोग्राफिकल अशुद्धियों के लिए अधोहस्ताक्षरी उत्तरदायी नहीं होंगे ।

**परीक्षा नियंत्रक**
**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**